
सार-समाचार

## ज्ञापन सौंपा, समस्या समाधान की मांग



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गुरूवार को वार्ड नंबर 2 गुर्जरों की झोपडी में वार्डवासियो का मूलभूत सुविधाओं सडक, पानी, सीवरेज लाइन और लाइट की समस्याओं को लेकर आक्रोश फूट पडा और वार्ड के लोग मिनी सचिवालय पहुंचे और यहां पर समस्याओं को लेकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद एडीएम रामकिशोर मीणा को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। वार्डवासियों ने बताया कि उनकी कॉलोनी में आम जनता के आवागमन के लिए सडक क्षतिग्रस्त होकर टूट चुकी है और कई गलियों में कच्ची सडक बनी हुई है। जिससे आम जनता को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। कॉलोनी में पेयजल की बडी भारी और गंभीर समस्या बनी हुई है। आमजन को पीने के लिए तीन-चार दिन बाद मात्र 3० मिनट के लिए जल विभाग की ओर से पीने के पानी की सप्लाई खोली जाती है। जिससे लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कॉलोनी में सीवरेज लाइन की बडी गंभीर समस्या बनी हुई है। जगह-जगह सडक तोडकर गढ्?ढे बना रखे हैं और ब्लॉकेज के कारण लोगों के घरों के सामने सीवरेज का गंदा मलवा बाहर खुले में फैला हुआ है। जिससे लोगों को गंदगी और बदबू से हाल बेहाल हो रहा है। कॉलोनी में लाइटें बंद पडी हुई हैं। जिससे रात में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पडता है। कॉलोनी में बनी नालियां बंद पडी हैं। जिनसे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। गंदा पानी सडक पर भरा रहता है। उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

## राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होंगे चौधरी

**सूरौठ,** (निसं)। रक्तदान के क्षेत्र में विगत 8 साल निस्वार्थ सेवा देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र चौधरी समर्पण मिथिला, दरभंगा (बिहार) की ओर से 11 व 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन में उन्हें रक्तदान के क्षेत्र में विगत 8 वर्षों से की जा रही निस्वार्थ सेवाओं के साथ ही स्वयं रक्तदान करके, गरीबों व जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर जीवन बचाने, साथ ही लोगों को रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं इसी प्रकार वह लोगों की मदद कर अपनी अच्छी पहचान बना चुके हैं। इसके लिए उन्हें मिथिला दरभंगा (बिहार) दलान रिजॉर्ट सोनकी में सम्मानित किया जाएगा। मिथिला में आयोजित राष्ट्रीय डॉक्टर का प्रतिनिधि सम्मेलन में राष्ट्रीय रक्तदान जागरूकता कार्यशाला में अपनी प्रस्तुति देंगे। सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र चौधरी को पूर्व में अनेकों सम्मान मिल चुके हैं। बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान, करौली में जिला स्तर पर सम्मान आदि सम्मान मिला चुके हैं। 2017 से समाज सेवा से जुड़कर, रक्तदान, वृक्षारोपण, शराबबंदी आंदोलन, कोरोना में जरूरतमंदों को लोगों को भोजन पहुंचाया साथ ही वैश्विक कोरोना महामारी में लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र चौधरी को राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए समर्पण मिथिला दरभंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला व राष्ट्रीय महासचिव दीपक कुमार मेहता का आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांगजनों ने सौंपा ज्ञापन



**करौली,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी का स्थानान्तरण रूकवाने कि मांग को लेकर दिव्यांगजनों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दिव्यांगजन संघ करौली के दिवारी लाल, मनोज, राकोश, रामकेश बैरवा, मनोज कुमार चैधरी, पप्पू लाल, बाल सिंह माली, मंजू जाटव, हरी मोहन, शंकर बाई, अशोक प्रजापत के अलावा कई अन्य दिव्यांगजनो ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागअधिकारी का हाल ही में राज्य सरकार के आदेशानुसार करौली से अन्यत्र स्थान पर स्थानान्तरण के आदेश किये गये है जिससे हम समस्त दिव्यांगजन संघ करौली नाखुश है क्योंकि वर्तमान में पदस्थापित अधिकारी एक सरल एवं सौम्य स्वभाव के व्यक्ति है जो करौली के दिव्यांगों के जन हितों के लिए सदैव तैयार रहते है। एवं ईमानदारी पूर्वक अपनी सेवायें देते है एवं वर्तमान पदस्थापित समाज कल्याण अधिकारी ने हम दिव्यांगजनों कि विशेष मांगों को सदैव पूरा कर राज्य सरकार तक भिजवाया गया है जिनकी कार्यशैली हमेंशा कर्तव्यनिष्ठ रही है। एवं हमारी हर समय मदद के लिए तैयार रहते है ऐसी स्थिति मे ऐसे अधिकारी का स्थानान्तरण करौली जिले से करना उचित नही होगा। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान पदस्थापित समाज कल्याण अधिकारी करौली का स्थानान्तरण करौली जिले से नही किया जाये जिसके लिए हम समस्त करौली के दिव्यांग जन आभारी रहेंगें।

## उपजिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**रूपवास,** (निसं)। कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित पंचायत समिति वीसी रूम में जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने जनसुनवाई की। इस जनसुनवाई के दौरान कुल विभिन्न मामलों के 17 परिवाद आए। जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने जनसुनवाई के दौरान सभी सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इससे पहले जिला कलेक्टर कस्बे के उपजिला अस्पताल पहुंचे। वहां पर कलेक्टर ने सामान्य वार्ड,दवाई भंडारण,जांच कक्ष,कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर,जच्चा बच्चा वार्ड,अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही मिडिल स्कूल में स्थित पुराने सरकारी भवन को भी देखा। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से भी वार्तालाप कर उनका कुशल क्षेम पूछा। जिला कलेक्टर ने बीसीएमओ डॉ लखन चौधरी को निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर डॉ यादव चंबल परियोजना के तहत लगाए गए चंबल प्लांट पर भी पहुंचे। उन्होंने चंबल परियोजना से बने वाटर टैंक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने वाटर टैंक की समय समय पर सफाई करवाने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी यूनिट के निर्माणाधीन भवन के हो रहे निर्माणकार्य को भी देखा। जनसुनवाई के दौरान नगरपालिका के वार्ड संख्या में आरसीसी करवाने,महादेव चॉक पर हाई मास्ट लाइटों को सही करवाने,जटमासी रोड़ पर टूटी सड़क को सही करवाने,खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने,श्मशान भूमि की चारदीवारी बनवाने,अतिक्रमण हटवाने,पाइपलाइन डलवाने के प्रशासनिक स्वकृति की मांग,आंगनबाड़ी में जांच करवाने,राजस्व में दाखिला खुलवाने समेत अन्य परिवाद आए। इसके अलावा जिला कलेक्टर ने गांव खानुआ में लगभग 6 करोड़ की लागत से बन रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद एसडीएम विष्णु बंसल,तहसीलदार अमित शर्मा व विकास अधिकारी विनय मित्र ने गांव खानुआ के मोक्षधाम व आरआरसी का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत के कार्यों की सराहना की। गांव खानुआ को गंदगी से निजात दिलाने के लिए कचरा संग्रहण केंद्र का निर्माण किया जा रहा है जिसके चलते आर. आर. सी का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राध्यापकों की अनुपस्थिति को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन


**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजकीय पीजी कॉलेज गंगापुर सिटी में लेक्चरर की अनुपस्थिति को लेकर विद्यार्थियों का आक्रोश फूट पडा। गुरुवार को विद्यार्थियों ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कॉलेज गेट के सामने चैनल गेट पर लॉक लगाकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। छात्र नेता सीताराम गुर्जर ने बताया कि राजकीय पीजी कॉलेज गंगापुर सिटी में लेक्चरर की अनुपस्थिति को लेकर पूर्व में प्रिंसिपल डॉ. सुमित्रा मीणा और इसके बाद उपखंड अधिकारी विजेन्द्र मीणा को अवगत कराया और शिकायत करते हुए इस संबंध में ज्ञापन देकर समस्या समाधान की मांग की।

उन्होंने बताया कि कॉलेज में लेक्चरर आते हैं और आने के बाद अपनी उपस्थिति लगाकर यहां से गायब हो जाते हैं। साथ ही लेक्चरर समय पर भी कॉलेज नहीं आते हैं। लेक्चरर के आने और जाने का समय तय नहीं है। इन पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है। छात्रों ने बताया कि सुबह 10 से कॉलेज शुरू हो जाता है, लेकिन गुरुवार को जब छात्र निर्धारित समय पर पहुंचे तो उन्हें वहां एक भी लेक्चरर नहीं मिला। इस पर 10.40 बजे तक एक भी लेक्चरर के नहीं मिलने पर विद्यार्थियों में आक्रोश हो गया और वे 11 बजे गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी कर विरोध जताया। आंदोलन दोपहर एक बजे तक चला। इसके बाद प्रिंसिपल के आने के बाद लेक्चरर की समय सारणी ली। साथ ही प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को समझाइश कर संतुष्ट किया, जिस पर विद्यार्थी धरने से उठे। इस मौके पर सतेंद्र शर्मा, वीके पंडित, देव गुर्जर, विष्णु गुर्जर, देवेंद्र गुर्जर, बलराम गुर्जर, कौशल शर्मा, गणेश मीणा, राहुल गुर्जर, रिंकू बाई रैगर, मनीषा गुर्जर, पूनम राजपूत, पूनम सिसोदिया, आकाश सैनी, नवीन बैरवा, दीपक सैनी, गणेश सैनी, लोकेश गुर्जर, गजेंद्र गुर्जर, नीरज प्रजापत आदि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



राजकीय महाविद्यालय में चैनल गेट के बाहर धरना प्रदर्शन करते छात्र-छात्रा।

# एमएसजे कॉलेज में प्राणीशास्त्र परिषद का उद्घाटन




प्रो.डॉ मुकेश कुमार ने जूलॉजी विषय एवं उससे जुड़ी अन्य शाखाओं की जानकारी दी।

**भरतपुर,** (निसं)। जूलॉजी विषय एवं उससे जुडी अन्य शाखाओं की विस्तृत जानकारी प्रोफेसर डॉ मुकेश कुमार द्वारा दी गई। एमएसजे महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा प्राणीशास्त्र परिषद का उद्घाटन कार्यक्रम प्राचार्य डॉ हरवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं पुष्प अर्चना के साथ मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना का गायन दीपाली एवं आकांक्षा द्वारा किया गया।परिषद के गठन की जानकारी एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रसिद्ध प्रभारी डॉ कमलेश सिसोदिया द्वारा प्रकाश डाला गया। नवनिर्वाचित परिषद अध्यक्ष दीपिका माधव एवं उपाध्यक्ष हर्षवर्धन को प्राणी शास्त्र विभागध्यक्ष डॉ सुनीता पांडे द्वारा सम्मान स्वरूप बेज लगाए गए। अध्यक्ष दीपिका माधव द्वारा छात्र प्रतिनिधि के रूप में विभाग से संबंधित कुछ दायित्व एवं सुझाव रखे गए। कार्यक्रम की प्रथम भाग में सरस्वती वंदना के उपरांत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर मुकेश कुमार ने प्राणी शास्त्र को अन्य विषयों की जननी के रूप में स्वीकारता एवं नवीन पाठ्यक्रमों को विस्तृत रूप से समझाया। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ भगत सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के द्वितीय भाग में छात्रों हेतु नेचुर थीम पर रील एवं मनोरंजन फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, तथा आपसी संगठनात्मक मजबूती दर्शन हेतु रस्साकसी का भी आयोजन किया गया। रील प्रतियोगिता में एमएससी फाइनल से प्रथम स्थान प्रिंसी द्वितीय चरणजीत एवं तृतीय स्थान दीपिका माधव ने प्राप्त किया। एमएससी प्रीवियस से प्रथम पर स्थान प्रमोद चौधरी एवं द्वितीय स्थान पर हर्षवर्धन रहे। रस्साकसी में एमएससी फिस बायोलॉजी विजयी रही। इस अवसर पर डॉ सुनीता पांडे, डॉ मंजूलता, डॉ सुनैना सिंह, डॉ सुंदर सिंह, दीपिका सिंह, डॉ भूपेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज की बैठक

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। अग्रवाल समाज की बैठक धर्मशाला कटरा बाजार में आयोजित की गई ।जिसमें नव वर्ष एवं पौष बड़ा कार्यक्रम तथा आम सभा का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

अग्रवाल समाज हिण्डौन सिटी की बैठक का आयोजन बुधवार देर रात तक चली बैठक का शुभारंभ महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलित समाज अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी और समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गुप्ता द्वारा किया गया। अठावाल समाज के महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि अठावाल धर्मशाला कटरा बाजार में बुधवार देर शाम तक चली बैठक में नव वर्ष मिलन समारोह एवं पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया तथा नव वर्ष मे पौष बड़ा कार्यक्रम तथा नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन दिनांक 12 जनवरी रविवार को अग्रवाल धर्मशाला कटरा बाजार में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा तथा दोपहर 1:00 बजे से अठावाल समाज की आम सभा का बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने अग्रवाल समाज बंधुओ से आग्रह किया है कि बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र कुमार आर्य ने की।

# शहर में 50 से अधिक खुले पड़े कुएं दे रहे हादसों को न्यौता

**करौली,** (निसं)। करौली नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन कि अनदेखी के कारण शहर भर में करीब 50 से अधिक खुले पड़े हुए कुए हादसों को न्यौता दे रहे हैं लेकिन उन्हें बंद करने के नाम पर प्रशासन ने अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं कि है जिसके चलते आए दिन आमजन और पशु मौत का ग्रास बनते देख जा रहे हैं।

प्रदेश भर में खुले पडे हुए कुए और बोरवेलों में हो रहे हादसों को लेकर राजस्थान सरकार भले ही सजग हो गई हो और उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सर्वे करा कर खुले पड़े बोरवेल और कुओं को ढकने के निर्देश दिए हो लेकिन करौली जिला मुख्यालय पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है करौली शहर परकोटे के अंदर और बाहरी इलाके में 50 से अधिक कुए खुले पडे हुए हैं जिनमें अब तक कई लोग आत्महत्या कर चुके हैं तो कई लोग अनजाने में गिरकर या तो अपने हाथ पॉव टुडवा चुके हैं या परलोक सिधार गए लेकिन प्रशासन ने उन्हें बंद करने के नाम पर कोई कार्यवाही नहीं कि गत दिन करौली नगर परिषद कार्यालय में हुई जनसुनवाई के दौरान भी कई फरियादियों ने जिला कलेक्टर को खुले पड़े कुओ को ढकने के परिवाद सोपे हैं जिन पर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया अगर अभी भी जिला प्रशासन नहीं चेता तो भविष्य में इन खुले पड़े कुओ से हादसा होने कि संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता राष्ट्रदूत संवाददाता द्वारा करौली शहर में खुले पड़े कुओ को लेकर जांच पडताल कि तो करीब 50 से अधिक कुए जिन्हे सार्वजनिक कुए कह सकते हैं और उनका कोई धनी धोरी नहीं है मौके पर खुले मिले कुए जिनके आसपास से लोग दिन-रात गुजरते हैं जब शहर के लोगों से इस मामले को लेकर चर्चा कि गई तो उन्होंने बताया कि अब तक कई कुए तो ऐसे हैं जिनमें लोग खुद कुदकर अपनी जान दे चुके हैं और कई ऐसे कुए हैं जिनके पास से गुजरते समय लोगों के गिरने कि संभावनाएं रहती हैं

राष्ट्रदूत द्वारा किए गए सर्वे में कोतवाली थाने के सामने देवस्थान विभाग के मठ के मुख्य द्वार पर एक कुआं खुला पड़ा हुआ था जहां लोगों से चर्चा कि गई तो लोगों ने बताया कि अब कुआं पूरी तरह सूख चुका है इसमें सब्जी बेचने वाले अपनी बची कुची सब्जी,कचरा आदि डालकर इसे भर रहे हैं इसके अलावा हिंडौन गेट के अंदर मेधराम गुर्जर चाय वाले कि दुकान के पास खारे कुएं के नाम से प्रसिद्ध कुआं खुला पड़ा हुआ है इसके अलावा मिडिल स्कूल नम्बर-1 धाभाईयो कि हवेली के नीचे,पुलिस लाईन से आगे पतंजलि गेट के पास विनायकपुरी,दाखा देवी आर्दंा विद्या मंदिर के पास पुरानी सब्जी मंडी,चोर खिडकिया के बाहर चैबेन कि बगीची,मेला गेट के बाहर बैठा हनुमान मार्ग रामा कि बगीची के पास,मासलपुर गेट बाहर भूत का बंध मे दो खुले पडे कुए हादसो को न्यौता दे रहे है। इसके अलावा सीताबाडी महोल्ला स्थिति नरसिंह मंदिर के पास,कोतवाली थाने के पीछे तिवाडी कि कोठी के साईड मे, स्टेडियम के पास दद्दू के खेत मे,होली खिडकिया बाहर राधे श्याम मैरिज हॉल के पास,कनक पैलेस के पास इंदिरा कॉलौनी,विधुत विभाग के सहायक अभियंता ए-प्रथम कार्यालय परिसर मे,मासलपुर गेट मोक्षधाम के पास,साईनाथ खिडकिया इलाके मे चार कुए खुले पडे हुए है जिनमे गिर कर अब तक दर्जनो कि संख्या मे लोग मौत को गले लगा चुके है लेकिन इस मामले को लेकर जिला प्र'ासन कतई गंभीर दिखाई नही दे रहा है। इसके अलावा मासलपुर गेट के बाहर भूत का बंघ के पास एक बोरबेल भी खुला हुआ पडा हुआ था जिस पर सिविल डिफेंस टीम के जवान फरमान खान ने एक बडा पत्थर रखकर ऊपर से ठक तो दिया लेकिन यह पुख्ता व्यवस्था नही होने के कारण कभी भी इसमे छोटा बच्चा गिरकर एक बडे रेस्क्यू अभियान को शुरू करने से नही चूक पायेगा।



करौली कोतवाली थाने के सामने मठ के मुख्यद्वार पर खुला पड़ा कुआ।

सार-समाचार

## किसान सम्मेलन 12 जनवरी को

**भुसावर,** (निसं)। पानी और रोजगार के मुद्दों को लेकर 12 जनवरी को कस्वा हलैना में होने वाले किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर किसान नेताओं की अलग अलग टोलिया भिन्न भिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों से जनसम्पर्क कर रही है। किसान सम्मेलन में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के अलावा हरियाणा के प्रमुख किसान नेता और जय किसान आन्दोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक लाम्बा भी कार्यक्रम में आयेंगे और कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि होगे। ग्राम नैवाड़ा में किसानों की बैठक हुई। जिसमें पूर्व पंचायत समिति सदस्य राधे श्याम तिवारी, सरपंच भगवत शरण, भगवत शरण शास्त्री, तारा पंड़ित, सत्यवीर सिंह ने सम्मेलन में आने का भरोसा दिलाया। किसान नेता इन्दल सिंह, पूर्व सरपंच त्रिलोकी शर्मा, घनश्याम गाजीपुर, सतवीर सिंह ने ग्राम पथैना में जनसम्पर्क किया और लोगों से सम्मेलन में आने की अपील की। पथैना के लोगो ने सहयोग का भरोसा दिया। गत दिन किसान नेता इन्दल सिंह ने ग्राम धरसौनी, न्यामदपुर, हतिजर, ललिता मूड़िया, बेरी, पाली में जनसम्पर्क किया। किसान नेता प्रवीण बिजवारी, हीरा तिलचिवी, युवा नेता बलदेव डागुर नगला धरसौनी ने ग्राम इरनिया, जहानपुर, नगला हरसुख, मूड़िया जाट में जनसम्पर्क किया। सरपंच हरेन्द्र सिंह, बबली सिंह, भूरी सिंह नेताजी, बलवीर सिंह ने भी ग्राम जहानपुर, नगला हरसुख में जनसम्पर्क किया। पूर्व सरपंच त्रिलोकी नाथा शर्मा और खेम सिंह सैनी ने ग्राम सरसैना और बढ़ा गाँवों में किसानों से जन सम्पर्क किया। जबकि ग्राम नैवाड़ी में सरपंच जगराज सिंह, सीया राम, महेश पटैल, नन्दराम गुर्जर, पुष्पांदर सिंह ने कहा कि पानी के आन्दोलन में उनके गाँवों से बड़ी संख्या में किसान हिस्सा लेगे। जबकि किसान नेता इन्दल सिंह और प्रवीण बिजवारी ने ग्राम मौलोनी, झालाराला, आमौली खुर्द, आमोली बड़ी मे जनसम्पर्क किया। गाँवों गाँवों में आयोजित नुक्कड़ बैठकों में किसानों ने कहा कि पूरे क्षेत्र ओर प्रत्येक गाँवो में पानी की समस्या है और वगैर सिंचाई पानी के खेती बर्बाद हो रही है। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि पानी के लिये वर्ष 2007 से हमारा संघर्ष जारी है और अब जाकर इआरसीपी की योजना मंजूर हुई है, अगर समय समय सत्ता में रहे राजनेता, पेंशन भोगी राजनेता, जनप्रतिनिधि कोशिश करते तो यह योजना कई वर्ष पूर्व मंजूर हो जाती और लोगों को पानी मिल जाता।

## वेद मंत्रों द्वारा आहूतियां दी

**भरतपुर,** (निसं)। खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर अठोश्वर महादेव पर पौष मास के चतुर्थ गुरूवार को माता लक्ष्मी जी के श्री विग्रगह की दिव्य पूजा अर्चना एवं दुग्ध अभिषेक कर षोडशोपचार पूजा अर्चना अर्पण कर हवन यज्ञ में वेद मंत्रों द्वारा आहूतियां दी गई। मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक शशि कुमार गुप्ता बजाज ने बताया कि मंदिर प्रांगण में अनेक देवी देवताओं के श्री विठाह के साथ माता लक्ष्मी जी का भी दिव्य व अत्यन्त मनमोहक श्रीविठाह प्रतिष्ठित है जिनकी पूजा अर्चना महंत प्रेमी शर्मा एवं वेद प्रकाश शर्मा ने प्रात: 9.15 पर कराई गई। कार्यक्रम रेडक्रास सोसायटी अध्यक्ष समाजसेवी ईएसएन अठावाल, प्रदेश कांठोस समिति सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, अठावाल सभा अध्यक्ष सीए एमएल मित्तल, सूर्या सिटी डायरेक्टर मनोज गर्ग, प्रमुख समाजसेवी मुरारी लाल चौधरी, जिला अठावाल महासभा के महामंत्री मुकेश सिंघल एवं भरतपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष भगवानदास बंसल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। निर्धनों को धनवान बनाने वाली लक्ष्मी माता का श्री गोपाल जी के साथ दुग्धाभिषेक कर षोडशोपचार पूजा अर्चना अर्पण की गयी, हवन में एक हजार लोंग बतासे से लक्ष्मी सहस्त्रनाम से आराधना विषेश सहस्त्राहूति की गई, कमल गठ्ठा, सूखे वेलपत्र, तिल, जौ, चावल और रोग दोष मिटाने वाली औषधियों से घी मिली आहूतियां दी। भक्तों ने माता को साडी, साल, श्रृंगार का सामान, फूल माला, फल प्रसाद चढाकर सुख समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की, खीर की आहूति के साथ समुद्र से प्राप्त मोती गोला में रखकर पूर्ण आहूतियां दी गई खिचडी, रेवडी, खोवा व गजक का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी मोहन मित्तल, महेश गोयल सर्राफ, अठावाल सभा के महामंत्री विनोद सिंघल, महेशचंद सिंघल, सतीश मित्तल मैनेजर, गोपालचंद सिंघल सर्वेअर, पूर्व पार्षद प्रेमपाल सिंह, विनोद मेडीकल, विष्णु सिंघल, प्रवीण फौजदार, भारत अठावाल, पूर्व पार्षद दिनेश डीगिया, अनिल मित्तल बजाज, वेद गुप्ता, अरविन्द अठावाल, प्रेम गोयल, परषोत्तम डीगिया, हरीकिशन विसायती, आलोक बंसल, मोहन सिंह राजपूत आदि बडी संख्या में महिलाएँ एवं पुरूष मौजूद रहे।

## छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए

**भरतपुर,** (निसं)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र के अन्तर्गत आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो. सुजाता चौहान ने कहा कि सुदृढ़ आत्मविश्वास के लिये शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य आवश्यक है। छात्राओं में सुरक्षा की भावना विकसित करने हेतु ऐसे कार्यक्रम अतिउपयोगी होते हैं। अध्यक्ष ने छात्राओं की नियमितता एवं लगनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वस्थ्य व भयमुक्त वातवारण के लिये आत्मसुरक्षा के गुर सीखना आवश्यक है। महिला अध्ययन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. निशा गोयल ने आयुक्तालय द्वारा आयोजित होने वाले आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी जिससे वे अपनी व अन्य लोगों की सहायता व रक्षा में समर्थ होंगी। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ मधु शर्मा व अकादमिक प्रभारी प्रो करूणा गौर ने छात्राओं के जीवन में इस प्रकार के प्रशिक्षणों के महत्व पर प्रकाश डाला। महिला प्रशिक्षिका मिथलेश एवं चंचल द्वारा इस एक मासीय प्रशिक्षण को प्रदान किया गया। छात्रा पायल व अंजली ने फीडबैक प्रस्तुत किया। प्राचार्या द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्राओं को सर्टिफिकेट व पेन देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरोज द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कविता आचार्य द्वारा किया गया। समिति सदस्य डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, विनय खण्डेलवाल ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर साधना शर्मा, योगेन्द्र व छात्रायें उपस्थित रहे।

## आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार तालुका अध्यक्ष अखिलेश कल्याण द्वारा सामान्य चिकित्सालय के पास, कोलीपाडा, गंगापुरसिटी एवं रेलवे स्टेशन के पास, गंगापुरसिटी मुख्यालय पर संचालित पुरुष एवं महिला आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पास वाले आश्रय स्थल में केयर टेकर मोहन मौके पर उपस्थित पाए गए। आश्रय स्थल में साफ सफाई ठीक पाई गई, आश्रितों के लिए टॉयलेट की समुचित व्यवस्था है, साथ ही आश्रय स्थल में सर्दी से बचाव के लिए हीटर की भी कोई व्यवस्था नहीं है । आश्रितों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं था। इस संबंध में अखिलेश कल्याण द्वारा आश्रय स्थल के केयरटेकर को आश्रय स्थल में आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि यहां रुकने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। कोलीपाडा स्थित आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान केयर टेकर ब्रजमोहन मौके पर उपस्थित पाई गये। साफ सफाई की व्यवस्था करने के केयर टेकर को दिए।

## पौष बड़ों का लगाया भोग

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। श्री वनखंडी सेवा समिति गंगापुर सिटी की ओर से बुधवार को यहां वनखंडी बालाजी मंदिर गंगापुर सिटी में पौषबडा प्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के चलते सुबह ही हलवाई पौषबडा की प्रसादी तैयार करने में जुट गए। वहीं बालाजी मंदिर में साफ-सफाई कर बालाजी भगवान की नई पोशाक पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके बाद प्रसादी तैयारी होने पर सबसे पहले बालाजी भगवान को भोग लगाया गया और इसके बाद सभी को प्रसादी वितरित की गई। पौषबडा की प्रसादी लेने के लिए सैकडों लोग वनखंडी बालाजी मंदिर पहुंचे। यहां सभी ने पहले बालाजी भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना और आरती कर भगवान से घर-परिवार में खुशहाली-सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके बाद पंगत में बैठकर गर्मागर्म पौषबडा की प्रसादी पाई। कार्यक्रम शाम 4 बजे तक चला और इस दौरान हजारों लोग प्रसादी पाने के लिए पहुंचे।

## मृतक आश्रित को सहायता राशि स्वीकृत

**करौली,** (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि वृजवासी गुर्जर पुत्र श्योसिंह गुर्जर निवासी ग्राम पोस्ट झाडीसा तहसील टोडाभीम कि गत 21 मई 2024 को सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर तहसीलदार कि रिपोर्ट से प्रकरण प्राप्त होने पर मृतक के परिवार कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये कि आर्थिक सहायता मृतक कि पत्नी सन्तोष पत्नी वृजवासी गुर्जर को भुगतान कि स्वीकृति प्रदान की जाती है।